₹ 8,297.06 करोड़ था। इसमें समेकित वस्तु एवं सेवा कर से अग्रिम आबंटन के अंतर्गत प्राप्त ₹ (-)59.40 करोड़ शामिल है | इसके अतिरिक्त, केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर के अंतर्गत राज्य सरकार ने राज्य को समनुदेशित शुद्ध आय का भाग ₹ 3,832.37 करोड़ प्राप्त किया | जी.एस.टी. के अंतर्गत कुल प्राप्तियां ₹ 12,129.43 करोड़ थी। राज्य को वर्ष 2023-24 के दौरान जी.एस.टी. के कार्यान्वयन से उत्पन्न राजस्व की हानि के कारण राजस्व प्राप्ति के रूप में ₹ 476.62 करोड़ का मुआवजा प्राप्त हुआ।

इसके अलावा, राज्य को जी.एस.टी. मुआवजे के बदले केंद्र सरकार से 2023-24 के दौरान बैक-टू-बैक ऋण के रूप में कोई मुआवजा राशि नहीं मिली (31 मार्च 2024 तक कुल ऋण ₹ 5,649.03 करोड़) जिसे राज्य की उधार सीमा के संबंध में वित्त आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के तहत नहीं गिना जाएगा।

वर्ष 2023-24 के दौरान, आर.बी.आई. के आंकड़ों और वित्त लेखों में दर्ज आंकड़ों के बीच अंतर के कारण राज्य सरकार द्वारा पिछले वर्ष (वर्षों) से संबंधित राज्य जीएसटी (एस.जी.एस.टी.) की कोई समायोजन प्रविष्टि नहीं की गई। इसलिए, समायोजन के कारण वर्ष 2023-24 में एस.जी.एस.टी. में कोई वृद्धि / कमी नहीं हुई है।

संबंधित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 14 में उपलब्ध हैं।

(ii) राजस्व और पूंजीगत व्यय के बीच गलत वर्गीकरण:

वर्ष 2023-24 के दौरान, उत्तराखंड सरकार ने गलत तरीके से बजट प्राविधान किया और व्यय के उद्देश्य से निर्धारण के अनुसार, पूँजीगत अनुभाग के स्थान पर राजस्व अनुभाग के अंतर्गत ₹ 62.66 करोड़ रुपये एवं राजस्व अनुभाग के स्थान पर पूँजीगत अनुभाग के अंतर्गत ₹ 605.82 करोड़ रुपये व्यय दर्ज किया | राज्य के राजस्व / पूँजीगत व्यय पर गलत वर्गीकरण का प्रभाव पैरा 6 में दिया गया है। राजस्व व्यय को ₹ 543.16 करोड़ रुपये कम करके आंका गया है तथा पूँजीगत व्यय को ₹ 543.16 करोड़ रुपये अधिक बताया गया है।

इसमें वित्त लेखे के विवरण 4, 5, 15 और 16 के आंकड़ों का संदर्भ है।

(iii) मुख्य नियंत्रण अधिकारियों एवं महालेखाकार (ले० एवं ह०) के बीच प्राप्तियों एवं व्यय का मिलान:

सभी नियंत्रक अधिकारियों को (उत्तराखंड के बजट मैनुअल के नियम 109 के अनुसार) सरकार की प्राप्तियों और व्यय का मिलान महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तराखंड द्वारा लेखाबद्ध आंकड़ों के साथ करना आवश्यक है। वर्ष 2023-24 के दौरान, राजस्व प्राप्तियां ₹ 48,128.07 करोड़ (कुल राजस्व प्राप्तियों ₹ 50,615.01 करोड़ का 95.09 प्रतिशत) और राजस्व व्यय ₹ 42,191.72 करोड़ (कुल राजस्व व्यय ₹ 47,273.96 करोड़ का 89.25 प्रतिशत)) और पूंजीगत व्यय ₹ 8,488.55 करोड़ (कुल पूंजीगत व्यय ₹ 10,981.80 करोड़ रुपये का 77.30 प्रतिशत) का राज्य सरकार द्वारा मिलान किया गया। राज्य सरकार द्वारा दिए ऋण और अग्रिम ₹ 109.00 करोड़ (राज्य सरकार द्वारा दिए

गए कुल ऋण और अग्रिम ₹ 124.09 करोड़ का 87.84 प्रतिशत) का मिलान किया गया।

इसकी तुलना में गत वर्ष 2022-23[1] के दौरान राजस्व प्राप्तियां ₹ 48,827.34 करोड़ (कुल राजस्व प्राप्तियों ₹ 49,094.53 करोड़ का 99.46 प्रतिशत)) और राजस्व व्यय ₹ 34,001.67 करोड़ (कुल राजस्व व्यय ₹ 43,772.73 करोड़ का 77.68 प्रतिशत) और पूंजीगत व्यय की राशि ₹ 6,987.31 करोड़ (कुल पूंजीगत व्यय ₹ 8,194.51 करोड़ का 85.27 प्रतिशत) का मिलान किया गया। पिछले वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य सरकार द्वारा दिए गए कुल ऋण और अग्रिमों की राशि ₹ 93.63 करोड़ का मिलान नहीं किया गया।

(iv) लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय और 800-अन्य प्राप्तियां के अंतर्गत पुस्तांकन:

लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय / 800-अन्य प्राप्तियाँ केवल तभी संचालित की जानी चाहिए जब लेखो में उचित लघु शीर्ष प्रदान नहीं किया गया हो। लघु शीर्ष 800 के नियमित संचालन को हतोत्साहित किया जाना चाहिए क्योंकि यह लेखों को अस्पष्ट बना देता है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, 29 मुख्य लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 2,874.32 करोड़ रुपये, जो कुल राजस्व और पूँजीगत व्यय (₹ 58,255.75 करोड़) का 4.93 प्रतिशत है, को लेखाओं में लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था। पिछले वर्ष 2022-23 के दौरान, 32 मुख्य लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 1,625.33 करोड़ रुपये, जो कुल राजस्व और पूँजीगत व्यय (₹ 51,967.24 करोड़) का 3.13 प्रतिशत है, को लेखाओं में लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था।

इसी प्रकार, 47 मुख्य लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 1,339.13[2], जो कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 50,615.01 करोड़) का 2.65 प्रतिशत है, को लेखाओं में लघु शीर्ष 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था।

पिछले वर्ष के दौरान, 45 प्रमुख लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 3,437.85 करोड़ रुपये, जो कुल राजस्व प्राप्तियों (₹ 49,082.70 करोड़) का 7.00 प्रतिशत है, को लेखाओ में लघु शीर्ष 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत वर्गीकृत किया गया था।

वर्ष 2023-24 के दौरान, महालेखाकार ने लघु शीर्ष 800 के स्थान पर अन्य उपलब्ध लघु शीर्षों को पहचान कर राज्य सरकार को सूचित किया है|

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 14, 15 और 16 से है।

[1] वर्ष 2022-23 के मिलान आंकड़ो में भिन्नता का कारण, गणना में लोक ऋण को सम्मिलित ना किया जाना है|

[2]इस राशि में वर्ष के दौरान प्राप्त पेंशन आवंटन से संबंधित ₹ 1,510.45 करोड़ रुपये शामिल नहीं हैं।

(v) व्यक्तिगत जमा (पी.डी.) / व्यक्तिगत खाता बही (पी.एल.ए.) खातों में धन का स्थानांतरण:

व्यक्तिगत जमा खाते, नामित आहरण अधिकारियों को किसी योजना से संबंधित विशिष्ट प्रयोजनों के लिए व्यय करने में सक्षम बनाते हैं।

वर्ष 2023-24 के दौरान, ₹ 0.05 करोड़ राज्य की संचित निधि से व्यक्तिगत जमा खातों में स्थानांतरित किए गए। मार्च 2024 में कोई राशि स्थानांतरित नहीं की गई।

वित्तीय पुस्तिका खंड-5 भाग-1, पैरा 340(बी)(ii) के अनुसार तथा व्यक्तिगत जमा खाता खोलने की शर्तों के अधीन, समेकित निधि से व्यक्तिगत जमा खाते में अंतरित धनराशि को वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अथवा समापन की निर्धारित अवधि के पश्चात संबंधित लेखा शीर्षों, जिनसे धनराशि अंतरित की गई है, के अंतर्गत समेकित निधि में वापस पुस्तांकित किया जाना अपेक्षित है।

उत्तराखंड वित्तीय पुस्तिका खंड-5 भाग-1 2008 के परिशिष्ट 20 के अनुसार, कुल 25 व्यक्तिगत जमा खाता प्रशासकों में से 16 व्यक्तिगत जमा खाता प्रशासकों ने अपने शेषों को कोषागार के आंकड़ों (कोषागार में) के साथ मिलान और सत्यापित किया था और उनके द्वारा 16 वार्षिक सत्यापन प्रमाण पत्र कोषाधिकारी को प्रस्तुत किए गए थे। महालेखाकार कार्यालय को कोषाधिकारी से ऐसे 16 प्रमाण पत्र प्राप्त हुए। 09 व्यक्तिगत जमा खाता प्रशासकों ने अपने शेषों को कोषागार के आंकड़ों के साथ मिलान और सत्यापित नहीं किया था।

31 मार्च 2024 को व्यक्तिगत जमा खातों का विवरण निम्न प्रकार है:

1 अप्रैल 2023 तक प्रारंभिक शेष		**वर्ष 2023-24 के दौरान वृद्धि**		**वर्ष 2023-24 के दौरान निकासी**		**31 मार्च 2024 तक समापन शेष**	
प्रशासकों/ खातों की संख्या	धनराशि (₹ करोड़ में)	प्रशासकों / खातों की संख्या	धनराशि (₹ करोड़ में)	प्रशासकों / खातों की संख्या	धनराशि (₹ करोड़ में)	प्रशासकों / खातों की संख्या	धनराशि (₹ करोड़ में)
25	129.28	0	0.05	25	131.80	00	(-)2.47[3]

वर्ष के दौरान, ₹ 131.80 करोड़ रुपये की शेष राशि के 25 व्यक्तिगत खाता को बंद कर दिया गया और धनराशि को राज्य की समेकित निधि में समायोजित कर दिया गया।

पिछले तीन वर्षों में 04 व्यक्तिगत खाता शून्य शेष के साथ निष्क्रिय रहे।

संबंधित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 21 में उपलब्ध हैं |

[3]शेष राशि का समाधान किया जा रहा है।

(vi) असमायोजित सार आकस्मिक (ए.सी.) बिल:

केंद्रीय कोषागार नियमावली के नियम 290 में यह प्रावधान है कि सरकारी कोषागार से कोई भी धनराशि तब तक नहीं निकाली जानी चाहिए जब तक कि उसका तत्काल भुगतान आवश्यक न हो। आपातकालीन परिस्थितियों में, आहरण एवं संवितरण अधिकारी (डी.डी.ओ.) सार आकस्मिक (ए.सी.) बिलों के माध्यम से धनराशि निकालने के लिए अधिकृत हैं। उत्तराखंड वित्तीय पुस्तिका, खंड-5 भाग-I, 2008 के अनुसार डी.डी.ओ. को उस उद्देश्य के पूरा होने की तिथि से एक महीने के भीतर अंतिम व्यय के समर्थन में वाउचर युक्त विस्तृत प्रतिहस्ताक्षरित आकस्मिक (डी.सी.सी.) बिल प्रस्तुत करना आवश्यक है जिसके लिए अग्रिम राशि निकाली गई थी।

उत्तराखंड वित्तीय पुस्तिका, खंड-5 भाग-I, 2008 की आवश्यकता के अनुसार दिनाक 29.02.2024 तक ₹ 11.71 करोड़ रुपये के 101 ए.सी. बिल (2022-23 तक सम्मिलित), डी.सी.सी. बिलों के लिए देय थे। वर्ष 2023-24 के दौरान आहरित ₹ 17.56 करोड़ के 306 सार आकस्मिक बिलों में से ₹ 6.21 करोड़ (35.36 प्रतिशत) के 63 बिल मार्च 2024 में आहरित किए गए | 31 मार्च 2024 तक ₹ 17.92 करोड़ के 164 सार आकस्मिक बिलों के सापेक्ष विस्तृत प्रति हस्ताक्षरित आकस्मिक बिल प्राप्त नहीं हुए |

31 मार्च 2024 तक विस्तृत बिल प्रस्तुत ना होने से असमायोजित सार आकस्मिक बिलों का विवरण नीचे दिया गया है:

वर्ष	**असमायोजित ए.सी. बिलों / ई-अग्रिम / अस्थायी अग्रिम की संख्या**	**धनराशी (₹ करोड़ में)**
2022-23 तक	27	7.05
2023-24	137	10.87
कुल	164	17.92
वर्ष 2023-24	समायोजन की नियत तिथि से पहले कोई एसी बिल समायोजित नहीं किया गया	

(vii) सहायता अनुदान के लिए अप्राप्त उपयोगिता प्रमाण पत्र (यू.सी.):

उत्तराखंड वित्तीय पुस्तिका, खंड-5, भाग-I, (369-डी) उत्तराखंड 2008 के अनुसार, सशर्त सहायता अनुदान के संबंध में और/या अनुदान प्राप्तकर्ता द्वारा प्राप्त स्वीकृति के अनुसार उपयोगिता प्रमाण पत्र (यू.सी.) अनुदान प्राप्तकर्ता द्वारा अनुदान प्राप्ति की तिथि से 12 महीने के भीतर या उसी उद्देश्य के लिए आगे अनुदान के लिए आवेदन करने से पहले, जो भी पहले हो, स्वीकृत करने वाले प्राधिकारी को प्रस्तुत किया जाना चाहिए। उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत न करने की सीमा तक, यह जोखिम है कि वित्त लेखो में दर्शाई गई राशि लाभार्थियों तक नहीं पहुँची होगी।

वर्ष 2023-24 के दौरान, ₹ 2,247.39 करोड़ रुपये के 536 उपयोगिता प्रमाणपत्र 31 मार्च 2024 तक की अवधि के लिए देय थे। इनमें से, ₹ 851.71 करोड़ रुपये के 326 बकाया उपयोगिता प्रमाणपत्र का निपटान किया गया। 31 मार्च 2024 तक बकाया यू.सी. की स्थिति नीचे दी गई है:

वर्ष[4]	**बकाया UC की संख्या**	**राशि (करोड़ रूपये में)**
2022-23 तक	04	120.72
2023-24	206	1,274.96
कुल	210	1,395.68*
वर्ष 2023-24	जमा करने की नियत तिथि से पहले कोई UC जमा नहीं किया गया	

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 10 और परिशिष्ट III से है।

*₹ 1,395.68 करोड़ की बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों में 15वें वित्त आयोग की सिफारिशो के अनुसार शहरी स्थानीय निकायो और पंचायती राज्य संस्थाओ को जारी अनुदानो के सम्बन्ध में 126 बकाया उपयोगिता प्रमाण पत्रों से सम्बंधित ₹ 483.55 करोड़ की राशि सम्मिलित हैं|

(viii) ***ब्याज समायोजन*:**

सरकार श्रेणी ञ-आरक्षित निधि (क. ब्याज वाली आरक्षित निधि) और ट-जमा और अग्रिम (क. ब्याज वाली जमा) के अंतर्गत शेष राशि के संबंध में ब्याज का भुगतान / समायोजन करने के लिए उत्तरदायी है, और इस प्रयोजन के लिए, मुख्य और लघु खाता शीर्षों की सूची में विशिष्ट उप-मुख्य शीर्ष प्रदान किए गए हैं।

वर्ष 2023-24 के दौरान सरकार द्वारा इन निधियों/जमाओं और भुगतान किए गए ब्याज का विवरण नीचे दिया गया है:

(₹ करोड़ में)

फंड / जमा	**1 अप्रैल, 2023 को प्रारंभिक शेष राशि**	**ब्याज की गणना का आधार**	**देय ब्याज**	**ब्याज का भुगतान किया**	**कम भुगतान किया गया ब्याज**
एस.डी.आर. एफ.	2.27	यह राज्य या एसडीआरएफ दिशानिर्देशों द्वारा अधिसूचित दर के अनुसार होना चाहिए। वर्तमान में, यह औसत अर्थोपाय अग्रिम दर से 2% अधिक लिया जाता है। 6.5% (डब्लू.एम.ए.)+2%=8.5%	5.28	…	…

[4]ऊपर उल्लिखित वर्ष "देय वर्ष" से संबंधित है, अर्थात वास्तविक निकासी के 12 महीने बाद।

एस.डी.एम. एफ.	87.92	एसडीआरएफ के समान (8.5%)	0.15	…	…
		कुल	**5.43**	….	…

₹ 5.43 करोड़ की ब्याज राशि का भुगतान न करने के कारण राजस्व व्यय में ₹ 5.43 करोड़ की कमी दर्शाई गई है।

इसमें वित्त लेखे के विवरण 15, 21 और 22 के आंकड़ों का संदर्भ दिया गया है।

(ix) सरकार द्वारा दी गयी प्रत्याभूतियाँ:

उत्तराखंड सरकारी प्रत्याभूति की अधिकतम परिसीमा विधेयक, 2016 के अनुसार किसी भी वित्तीय वर्ष की पहली अप्रैल को कुल बकाया सरकारी प्रत्याभूति उस वर्ष के लिए अनुमानित सकल राज्य घरेलू उत्पाद के 1 (एक) प्रतिशत से अधिक नहीं होगी। वर्ष के दौरान, राज्य सरकार द्वारा प्रत्याभुतित राशि ₹ 167.49 करोड़ रुपए थी। 1 अप्रैल 2023 तक बकाया प्रत्याभूति ₹ 189.87 करोड़ रुपये थी, जो वर्ष 2023-24 के सकल राज्य घरेलू उत्पाद (₹ 3,46,206.44 करोड़) का 0.05 प्रतिशत है एवं निर्धारित सीमा के भीतर हैं।

राज्य सरकार ने उत्तराखंड सरकारी प्रत्याभूति की अधिकतम परिसीमा विधेयक, 2016 के माध्यम से प्रत्याभुतित ऋण की राशि का 1% प्रत्याभूति शुल्क वसूल करेगी।

2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को राजस्व प्राप्ति के रूप में पुस्तांकित ₹ 0.23 करोड़ रुपये गारंटी शुल्क के रूप में प्राप्त हुआ, जो 2023-24 के दौरान दी गई प्रत्याभूति राशि (₹ 167.49 करोड़) का 0.14 प्रतिशत है। राज्य सरकार को अधिनियम में वर्णित सीमा से कम प्रत्याभूति शुल्क प्राप्त हुआ।

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखे के विवरण 9, 14 और 20 में उपलब्ध हैं।

(x) पारिस्थितिकी और पर्यावरण पर व्यय:

राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण के लिए किए गए व्यय को वित्त लेखों में विभिन्न कार्यात्मक लेखा शीर्षों के अंतर्गत लघु शीर्ष के स्तर तक दर्शाया जाता है। वर्ष 2023-24 के दौरान, उत्तराखंड सरकार द्वारा मुख्य लेखाशीर्ष 2406-वानिकी और वन्य जीव एवं 3435- पारिस्थितिकी और पर्यावरण के अंतर्गत बजट आवंटन ₹ 1,167.24 करोड़ के सापेक्ष ₹ 769.34 करोड़ व्यय किये। विगत वर्ष 2022-23 के दौरान, उत्तराखंड सरकार ने मुख्य लेखाशीर्ष 2406 एवं 3435 के अंतर्गत बजट आवंटन ₹ 893.38 करोड़ के सापेक्ष ₹ 777.08 करोड़ व्यय किये थे।

यह वित्त खातों के विवरण 15 और 16 के संदर्भ में है।

(xi) अप्रत्याशित / असाधारण घटनाओं / आपदा से संबंधित व्यय:

वर्ष 2023-24 के दौरान, उत्तराखंड सरकार द्वारा मुख्य लेखाशीर्ष शीर्ष 2245 के अंतर्गत अप्रत्याशित / असाधारण

घटनाओं से संबंधित राहत उपायों पर ₹ 418.60[5] करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 1,082.52 करोड़ रुपये) व्यय किये गए। सम्पूर्ण व्यय ₹ 418.60 करोड़ रुपये, राजस्व व्यय के रूप में पुस्तांकित किया गया।

राज्य सरकार को इस प्रयोजन के लिए केन्द्रीय सरकार से ₹ 1,131.40[6] करोड़ (पिछले वर्ष ₹ 885.60 करोड़) सहायता अनुदान / केन्द्रीय सहायता आदि के रूप में प्राप्त हुए, जिसका लेखांकन मुख्य लेखा शीर्ष-1601-केन्द्र सरकार से सहायता अनुदान के अंतर्गत किया गया है।

इसका संदर्भ वित्त लेखे के विवरण 2, 4, 5, 14, 15 और 16 से है।

(xii) केन्द्रीय ऋणों को बट्टे खातें में डालना: तेरहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के क्रम में भारत के वित्त मंत्रालय ने फरवरी 2012 में विभिन्न मंत्रालयों द्वारा (स्वयं वित्त मंत्रालय द्वारा दिए अग्रिमों को छोड़कर) 31 मार्च 2010 तक केंद्रीय योजना और केंद्रीय पुरोनिधानित योजना हेतु राज्य सरकार को दिए गये ऋणों को बट्टे खाते में डाल दिया था | वित्त मंत्रालय ने राज्य सरकारों को आदेश की प्रभावी तिथि (31 मार्च 2010) से किये गये मूलधन और ब्याज की अधिक चुकौती को वित्त मंत्रालय को भविष्य में किये जाने वाले भुगतान के सापेक्ष समायोजित करने की अनुमति दी | उत्तराखण्ड सरकार ने 31 मार्च 2024 तक ₹ 14.13 करोड़ (₹ 5.75 करोड़ मूलधन, ₹ 8.38 करोड़ ब्याज) की अधिक चुकौती की थी जिसमें से वित्त मंत्रालय द्वारा अब तक ₹ 11.13 करोड़ समायोजित किये जा चुके हैं |

यह वित्त खातों के विवरण 17 का संदर्भ है|

(xiii) राज्य सरकार द्वारा दिए गए ऋण:

31 मार्च 2024 तक 02 विभागों (02 ऋणदाता संस्थाओं) से संबंधित ₹ 42.09 करोड़ के पुराने ऋणों के संबंध में, पिछले कई वर्षों के दौरान मूलधन की वसूली प्रभावित नहीं हुई है, जिसमें वर्ष 2001 से लंबित ऋण भी शामिल हैं।

सांविधिक निकायों/अन्य संस्थाओं को प्रदान किए गए ₹ 2,075.91 करोड़ (वर्ष 2023-24 के दौरान प्रदत्त ₹ 122.87 करोड़ के ऋण सम्मिलित हैं) की राशि के लिए ऋण चुकौती की शर्तें तय नहीं की गई हैं। (विस्तृत विवरण वित्त लेखों के विवरण 18 के अतिरिक्त प्रकटीकरण में हैं) । परिणामस्वरूप, इस खाते पर राज्य सरकार की प्राप्तियों का अनुमान नहीं लगाया जा सका।

महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) वार्षिक रूप से ऋणों (जहां महालेखाकार द्वारा विस्तृत खाते बनाए रखे जाते हैं) को सत्यापन और स्वीकृति के लिए ऋण स्वीकृत करने वाले विभागों को सूचित करता है। पांच ऋण प्राप्तकर्ताओं में से केवल दो संस्थाओं (उत्तराखंड जल विद्युत निगम एवं सहकारी समितियाँ) ने ऋणों की राशि की पुष्टि की है। ऋणों की राशि के समाधान के लिए विभागीय अधिकारियों से प्रतीक्षित जानकारी का विवरण वित्त लेखा के परिशिष्ट-VII में दिया गया है।

[5] इसमें एस.डी.आर.एफ. समायोजन के लिए ₹ 200.00 करोड़ और एस.डी.एम.एफ. समायोजन के लिए ₹ 218.60 करोड़ सम्मिलित है|
[6]इसमें एस.डी.आर.एफ. के लिए ₹ 826.40 करोड़ और एस.डी.एम.एफ. के लिए ₹ 305.00 करोड़ रुपये की जी.आई.ए. सम्मिलित है।

यह वित्त खातों के विवरण 7 और 18 के संदर्भ में है।

(xiv) प्रतिबद्ध देयताएं:

बारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के अनुसार, केंद्र सरकार ने उपार्जन आधार पर लेखांकन की ओर बढ़ने के लिए कार्यवाही शुरू की है। हालाँकि, यह परिवर्तन चरणों में होगा, इसलिए लेखांकन की उपार्जन-आधारित प्रणाली में बदलाव के लिए, निर्णय लेने में अधिक पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नकद लेखांकन की वर्तमान प्रणाली में विवरण के रूप में कुछ अतिरिक्त जानकारी जोड़ना आवश्यक है। राज्य सरकार को प्रतिबद्ध देयताओं के बारे में जानकारी देनी होगी। हालाँकि, राज्य सरकार ने वित्त लेखा खंड-II के परिशिष्ट-XII में प्रतिबद्ध देयताओं के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

(xv) केंद्र प्रायोजित योजनाओं (सी.एस.एस.) पर व्यय:

वर्ष के दौरान, 31 मार्च 2024 तक केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत दर्ज कुल व्यय ₹ 7,389.46 करोड़ (राजस्व व्यय ₹ 4,196.30 करोड़ और पूँजीगत व्यय ₹ 3,193.16 करोड़), जिसमें केन्द्र का हिस्सा ₹ 6,476..66[7] करोड़ एवं राज्य का हिस्सा ₹ 912.80[8] सम्मिलित है।

यह वित्त खातों के विवरण 15 और 16 के संदर्भ में है।

(xvi) केंद्र सरकार द्वारा राज्य में कार्यान्वयन एजेंसियों / लाभार्थियों को केंद्रीय योजना निधि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण:

सी.जी.ए. के पी.एफ.एम.एस. पोर्टल के अनुसार, वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य में लाभार्थियों सहित कार्यान्वयन एजेंसियों (एन.जी.ओ., केंद्र सरकार के संगठन, वैधानिक संगठन, शहरी/ग्रामीण निकाय, लाभार्थी, आदि) को सीधे ₹ 4,127.98 करोड़ रुपये प्राप्त हुए। कार्यान्वयन एजेंसियों को निधि का प्रत्यक्ष हस्तांतरण 2022-23 की तुलना में 4.78 प्रतिशत कम हुआ है (वर्ष 2022-23 में ₹ 4,335.37 करोड़ रुपये से वर्ष 2023-24 में ₹ 4,127.98 करोड़ रुपये)।

विस्तृत विवरण वित्त लेखे के परिशिष्ट-VI में है।

(xvii) राज्य सरकार की बजट से इतर देयताएं, अंतर्निहित / अस्पष्ट सब्सिडी और नीतिगत निहितार्थों के कारण राजकोषीय बोझ:

बजट से इतर उधार सरकार का दायित्व है, क्योंकि मूलधन और उस पर ब्याज का भुगतान अनिवार्यतः सरकारी बजट के माध्यम से किया जाता है, जो राज्य इकाई को सहायता या अनुदान के रूप में दिया जाता है।

राज्य सरकार ने अपने बजट दस्तावेजों/वार्षिक वित्तीय विवरणों में बजट से इतर देनदारियों का खुलासा नहीं किया। वित्त

---

[7]इसमें **सी.एस.एस.)** हेतु ₹ 3,763.75 करोड़ रुपये का राजस्व व्यय और ₹ 2,712.91 करोड़ रुपये का पूंजीगत परिव्यय शामिल है।

[8]इसमें राज्यांश के राजस्व व्यय के अंतर्गत ₹ 432.54 करोड़ रुपये तथा पूंजीगत परिव्यय के अंतर्गत ₹ 480.26 करोड़ रुपये शामिल हैं।

मंत्रालय, भारत सरकार को राज्य सरकार द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार वर्ष 2023-24 के दौरान कोई बजट से इतर देयता, अंतर्निहित उपादान और डिस्काम के अंतर्गत उपादान नहीं दिया गया |

(xviii) एकल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) को निधियों का हस्तांतरण:

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार ने पत्र संख्या 1(13) पी.एफ.एम.एस./एफ.सी.डी./2020 दिनांक 23-03-2021 के माध्यम से केंद्र प्रायोजित योजना (सी.एस.एस.) के तहत धनराशि जारी करने और एकल नोडल एजेंसी (एस.एन.ए.) के माध्यम से जारी की गई धनराशि के उपयोग की निगरानी के लिए प्रक्रिया अधिसूचित की गयी थी। राज्य सरकार द्वारा सरकारी व्यवसाय संचालित करने के लिए अधिकृत वाणिज्यिक बैंक में प्रत्येक सी.एस.एस. के लिए, एस.एन.ए. को अपने बैंक खाते के साथ स्थापित किया गया है।

वित्त मंत्रालय, भारत सरकार के दिनांक 16 फरवरी 2023 के पत्र के अनुसार, राज्य सरकार को केंद्रीय अंश के साथ-साथ राज्य के अनुपातिक अंश को भी केंद्रीय अंश की प्राप्ति के 30 दिनों के भीतर एस.एन.ए. खाते में स्थानांतरित करना होगा। एस.एन.ए. खाते में केंद्रीय अंश के हस्तांतरण में 30 दिनों से अधिक की देरी होने पर, राज्य सरकार को 01-04-2023 से 7% प्रति वर्ष की दर से दिनों की संख्या पर ब्याज का भुगतान करना होगा।

पी.एफ.एम.एस. की एस.एन.ए .-01 रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष के दौरान राज्य सरकार को कोषागार खातें में ₹ 4,509.85 करोड़ रुपये केंद्रीय अंश के रूप में प्राप्त हुआ था। 31 मार्च 2024 तक सरकार ने ₹ 4,907.20 करोड़ रुपये का केंद्र सरकार का हिस्सा, ₹ 1,400.43 करोड़ रुपये का राज्य सरकार का हिस्सा और ₹ 258.57 करोड़ रुपये की अवर्गीकृत राशि और टॉप अप राशि एस.एन.ए. को हस्तांतरित की। सम्पूर्ण राशी ₹ 6,566.20 करोड़ रुपये का हस्तांतरण पूर्ण प्रमाणित आकस्मिक बिलों के माध्यम से किया गया। एस.एन.ए. से वास्तविक व्यय के विस्तृत वाउचर और सहायक अभिलेख महालेखाकार कार्यालय को प्राप्त नहीं हुए।

एस.एन.ए. की रिपोर्ट के अनुसार, 31 मार्च 2024 तक एस.एन.ए. के बैंक खातों में ₹ 2,773.16 करोड़ रुपए अव्यतीत हैं। वित्त लेखे और एस.एन.ए. की रिपोर्ट के बीच व्यय के आंकड़ों में अंतर मिलान के अधीन है।

(xix) डी.डी.ओ. बैंक खाते में स्थानांतरित धनराशि:

उत्तराखंड सरकार की वित्तीय हस्तपुस्तिका खंड-V भाग-I के नियम 162 के अनुसार, कोषागार से कोई भी धनराशि तब तक नहीं निकाली जाएगी जब तक कि उसे तत्काल भुगतान करना आवश्यक न हो। मांगों की प्रत्याशा में या बजट अनुदान को व्यपगत होने से रोकने हेतु कोषागार से धन निकालना अनुमन्य नहीं है। हालाँकि, उत्तराखंड सरकार के कोषागारों ने

विभिन्न आहरण एवं संवितरण अधिकारियों (डी.डी.ओ.) द्वारा रखे गए बैंक खातों में ₹ 1,341.28[9] करोड़ रुपये की निधियों को हस्तांतरित किया है।

डी.डी.ओ. बैंक खातों में पड़ी अप्रयुक्त शेष राशि की जानकारी 62 सी.सी.ओ. (4706 डी.डी.ओ.) से मांगी गई थी। कुल 62 सी.सी.ओ. में से 38 सी.सी.ओ. ने कोई जानकारी नहीं दी, 19 सी.सी.ओ. ने शून्य जानकारी दी और केवल 5 सी.सी.ओ. (9 डी.डी.ओ.) ने इस संबंध में जानकारी दी। 5 सी.सी.ओ. से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 31 मार्च 2024 तक डी.डी.ओ. के बैंक खातों में अभी भी ₹ 177.06 करोड़ रुपये की राशि अव्यतीत है।

4. आकस्मिकता निधि:

उत्तरांचल आकस्मिकता निधि अधिनियम, 2001 की धारा 6 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राज्य सरकार ने उत्तराखंड राज्य की आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा, उसमें धनराशि का भुगतान तथा उससे धनराशि के आहरण से संबंधित या सहायक सभी मामलों को विनियमित करने के लिए आकस्मिकता निधि नियम, 2001 बनाए हैं। उत्तराखंड राज्य की आकस्मिकता निधि का संग्रह ₹ 500.00 करोड़ का है। वर्ष 2023-24 के अंत तक, विभिन्न लेखा शीर्षों के अंतर्गत ₹ 308.81 करोड़ रुपए अप्रतिपूर्तित रहे | इसका विवरण अगले पृष्ठ पर है:

क्रम सं.	**प्रमुख शीर्षक**	**मात्रा (₹ करोड़ में)**
1.	न्याय प्रशासन	0.02
2.	सतर्कता	2.00
3.	सामान्य शिक्षा	8.29
4.	सूचना और प्रचार	181.42
5.	सामाजिक सुरक्षा और कल्याण	30.35
6.	कृषि कर्म	0.84
7.	मत्स्य पालन	2.31
8.	सहकारिता	0.05
9.	सड़क और पुल	3.05
10.	पुलिस पर पूँजीगत परिव्यय	25.00

[9]आई.एफ.एम.एस. की ई-ऑडिट रिपोर्ट के प्रासंगिक आंकड़ों के अनुसार।

11.	अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अल्पसंख्यकों के कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	0.62
12.	सामाजिक सुरक्षा और कल्याण पर पूँजीगत परिव्यय	15.00
13.	मत्स्य पालन पर पूँजीगत परिव्यय	10.00
14.	अन्य ग्रामीण विकास कार्यक्रमों पर पूँजीगत परिव्यय	29.86
	कुल	**308.81**

31 मार्च 2024 तक आकस्मिकता निधि में शेष राशि ₹ 191.19 करोड़ रु. है|

प्रासंगिक आंकड़े वित्त लेखे के विवरण 1, 2 और 21 में उपलब्ध हैं |

5. लोक लेखा:

(i) राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.):

01.10.2005 या उसके बाद भर्ती हुए राज्य सरकार के कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली (एन.पी.एस.) के अंतर्गत आते हैं, जो एक परिभाषित अंशदान पेंशन योजना है। इस योजना के अनुसार, कर्मचारी को अपने मासिक वेतन का 10 प्रतिशत और राज्य सरकार को 14 प्रतिशत की दर से अंशदान करना होता है। पूरी राशि को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एन.एस.डी.एल.)/ट्रस्टी बैंक के माध्यम से नामित फंड मैनेजर को हस्तांतरित करना होता है।

वर्ष 2023-24 के दौरान एन.पी.एस. में कुल योगदान ₹ 1,580.03 करोड़ था (कर्मचारियों का योगदान ₹ 660.58 करोड़, सरकार का योगदान ₹ 899.45 करोड़ एवं ब्याज भुगतान ₹ 20.00 करोड़)| सरकारी अंशदान की विस्तृत जानकारी मुख्य शीर्ष 2071 के अंतर्गत वित्त लेखे के विवरण संख्या 15 में उपलब्ध है। सरकार द्वारा ₹ 1,580.03 करोड़ (कर्मचारियों का योगदान ₹ 660.58 करोड़, सरकार का योगदान ₹ 899.45 करोड़ एवं ब्याज भुगतान ₹ 20.00 करोड़) की राशि मुख्य शीर्ष 8342-117 परिभाषित अंशदान पेंशन योजना के अंतर्गत लोक खाते में जमा की गई। एन.पी.एस. में सरकार का अंशदान ₹ 25.36 करोड़ रुपये कम था, जिसके परिणामस्वरूप उस सीमा तक राजस्व व्यय कम दर्शाया गया।

वित्तीय वर्ष में लोक लेखो में हस्तांतरित / जमा की गई कुल राशि में से, ₹ 98.09 करोड़ रुपए लोक लेखो में ही रह गए और उन्हें एन.एस.डी.एल. को हस्तांतरित नहीं किया गया। सरकार के नकद शेष को इस राशि से अधिक बताया गया है।

(ii) (क) ब्याज सहित आरक्षित निधियाँ:

(अ) राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एस.डी.आर.एफ.): राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (मुख्य शीर्ष- '8121 सामान्य एवं अन्य आरक्षित निधि' के अंतर्गत जो ब्याज सहित वाले अनुभाग के अंतर्गत आता है) के गठन एवं प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार, केंद्र एवं राज्य सरकारों को 90:10 के अनुपात में कोष में अंशदान करना अपेक्षित है। वर्ष 2023-24 के दौरान राज्य सरकार को ₹ 826.40 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार के अंश के रूप में प्राप्त हुए। वर्ष के दौरान राज्य सरकार

का हिस्सा ₹ 92.00 करोड़ रुपये है| राज्य सरकार ने ₹ 918.40 करोड़ (केन्द्रीय हिस्सा ₹ 826.40 करोड़, राज्य का हिस्सा ₹ 92.00 करोड़ रुपये) मुख्य शीर्ष 8121-122 एस.डी.आर.एफ. के अंतर्गत निधि में हस्तांतरित किये।

इसके अलावा, राज्य को एन.डी.आर.एफ. के लिए केन्द्र सरकार से कोई राशि प्राप्त नहीं हुई।

मुख्य लेखा शीर्ष 2245 में निधि से किए गए व्यय के रूप में ₹ 200.00 करोड़ रुपए की राशि सेट ऑफ की गयी तथा निधि से कोई भी धनराशि निवेश नहीं की गई। 31 मार्च 2024 तक कोष में ₹ 720.67 करोड़ रुपये अवशेष था।

(ब) राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि:

आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 48 (1) I के तहत राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष (एस.डी.एम.एफ.) का गठन किया जाना है। यह कोष विशेष रूप से राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (एस.डी.आर.एफ.) / राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एन.डी.आर.एफ.) के दिशानिर्देशों और राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा के अंतर्गत आने वाली आपदा के संबंध में शमन परियोजना के उद्देश्य से है। राज्य सरकार ने मुख्य शीर्ष 8121-130- राज्य आपदा न्यूनीकरण कोष के अंतर्गत अधिसूचना संख्या 710/XVIII (2)/08-3(15)2007 दिनांक 05.05.2008 के तहत एस.डी.एम.एफ. का गठन किया है।

केंद्र और राज्य सरकारों को 90:10 के अनुपात में इस कोष में योगदान देना आवश्यक है। वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को ₹ 305.00[10] करोड़ रुपये केन्द्र सरकार के हिस्से के रूप में प्राप्त हुए है। वर्ष के दौरान राज्य सरकार का हिस्सा ₹ 23.00 करोड़ रुपये है। राज्य सरकार ने निधि में मुख्य लेखा शीर्ष 8121-130 एस.डी.एम.एफ. के अंतर्गत ₹ 328.00 करोड़ (केन्द्रीय हिस्सा ₹ 305.00 करोड़, राज्य का हिस्सा ₹ 23.00 करोड़ रुपये) हस्तांतरित किये।

मुख्य शीर्ष 2245 में निधि से किए गए व्यय के रूप में ₹ 218.60 करोड़ रुपए की राशि सेट ऑफ की गयी तथा निधि से कोई राशि निवेश नहीं की गई। 31 मार्च 2024 को इस कोष में ₹ 21.48 करोड़ रुपये अवशेष था।

(स) राज्य प्रतिपूरक वनरोपण निधि: पर्यावरण मंत्रालय, वन एवं जलवायु परिवर्तन, भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों के अनुपालन में राज्य सरकारों को प्रतिपूरक वनरोपण करने के लिए उपयोगकर्ता एजेंसियों से प्राप्त राशि के लिए राज्य के लोक लेखों में ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत राज्य प्रतिपूरक वनरोपण निधि (एस.सी.ए.एफ.) की स्थापना करना आवश्यक है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार ने राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि में मुख्य शीर्ष '8121-सामान्य और अन्य आरक्षित निधि' के अंतर्गत ₹ 213.01 करोड़ (₹ 212.96 करोड़ ब्याज और ₹ 0.05 करोड़ उपयोगकर्ता शुल्क) *(पिछले वर्ष ₹ 256.68 करोड़)* की धनराशि लेखांकित की है। सरकार को राष्ट्रीय प्रतिपूरक वनीकरण जमा से कोई राशि *(पिछले*

[10]यह भी शामिल है₹वर्ष 2023-24 के लिए ₹ 206.60 करोड़ रुपये और₹वर्ष 2022-23 के लिए ₹ 98.40 करोड़ रुपये का प्रावधान।

वर्ष ₹ 119.00 करोड़ प्राप्त) प्राप्त नहीं हुई। सरकार ने निधि से ₹ 237.39 करोड़ का व्यय किया और वर्ष के दौरान कोई राशि निवेश नहीं की गई। 31 मार्च 2024 तक राज्य प्रतिपूरक वनीकरण निधि में कुल शेष राशि ₹ 2,995.20 करोड़ थी।

राज्य सरकार ने भारत सरकार द्वारा 20 नवंबर 2018 को जारी लेखांकन दिशानिर्देशों का पालन नहीं किया है। भारत सरकार के दिशानिर्देशों के नियम 2 (6) के अनुसार, राज्य सरकारों द्वारा उपयोगकर्ता एजेंसियों से प्राप्त धनराशि को मुख्य लेखा शीर्ष 8336 सिविल जमा के अंतर्गत लघु शीर्ष स्तर पर राज्य के लोक लेखों में ब्याज वाले अनुभाग के अंतर्गत 'राज्य प्रतिपूरक वनीकरण जमा' में जमा किया जाना है। निधि का 90 प्रतिशत भाग राज्य के लोक खाते में मुख्य लेखा शीर्ष 8121 सामान्य और अन्य आरक्षित निधि में स्थानांतरित किया जाना है और शेष 10 प्रतिशत वार्षिक आधार पर राष्ट्रीय निधि में जमा किया जाना है, बशर्ते कि निधि के 10 प्रतिशत केंद्रीय हिस्से का क्रेडिट मासिक आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए ताकि इसे राष्ट्रीय निधि में स्थानांतरित किया जा सके। उत्तराखंड राज्य सरकार ने अभी तक मुख्य शीर्ष 8336-सिविल जमा के अंतर्गत 'राज्य प्रतिपूरक वनीकरण जमा' नहीं खोला है और उपयोगकर्ता एजेंसियों से धनराशि सीधे प्रमुख शीर्ष 8121 सामान्य और अन्य आरक्षित निधि में प्राप्त होती है।

(ख) ब्याज रहित आरक्षित निधियाँ:

(अ) समेकित ऋण शोधन निधि: उत्तराखंड सरकार ने वर्ष 2006 में ऋणों के परिशोधन के लिए समेकित ऋण शोधन निधि की स्थापना की थी। निधि के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य पिछले वर्ष के अंत में अपनी बकाया देनदारियों का न्यूनतम 0.5 प्रतिशत समेकित ऋण शोधन निधि में योगदान कर सकते हैं। वर्ष 2023-24 में, सरकार ने ₹ 100.00 करोड़ का योगदान किया। 31 मार्च 2024 तक निधि का कुल संचयन ₹ 1,878.00 करोड़ था (31 मार्च 2023 तक ₹ 1,778.00 करोड़ रुपये)।

आर.बी.आई. की सिफारिश के अनुसार निधि की कुल धनराशि कुल बकाया देनदारियों का कम से कम 5 प्रतिशत होनी चाहिए। वर्तमान में निधि की राशि 31 मार्च 2024 को बकाया देनदारियों ₹ 85,914.80 करोड़ का 5.5 प्रतिशत है।

(ब) प्रत्याभूति मोचन निधि: राज्य सरकार ने आरबीआई द्वारा प्रशासित किए जाने के लिए प्रत्याभूति मोचन निधि का गठन किया। राज्य सरकार द्वारा जारी निधि अधिसूचना में नवीनतम संशोधन, जो वर्ष 2016 से प्रभावी है, यह निर्धारित करता है कि राज्य सरकार आरम्भ में ₹ 10.00 करोड़ राशि का योगदान करेगी और उसके बाद बकाया आहूत प्रत्याभूतियों और वर्ष के दौरान जारी की गई वृद्धिशील प्रत्याभूतियों के परिणामस्वरूप संभावित उनामोचित प्रत्याभूतियों की राशि का न्यूनतम 1/5 भाग योगदान करेगी | निधि को धीरे-धीरे एक ऐसे वांछनीय स्तर तक बढ़ाया जाएगा जिसे अगले 5 वर्षों में बकाया प्रत्याभूतियों के संभावित आह्वान से सरकार पर अवक्रमित प्रत्याशित प्रत्याभूतियों की राशि को पूरा करने के लिए पर्याप्त माना जा सके । वर्ष के दौरान, सरकार ने ₹ 10.00 करोड़ का योगदान दिया। 31 मार्च 2024 तक निधि का कुल संचय ₹ 118.59 करोड़ था (31 मार्च 2023 तक ₹ 108.59 करोड़ रुपये)।

आर.बी.आई. की सिफारिश के अनुसार फंड की कुल राशि बकाया गारंटी का कम से कम 5 प्रतिशत होनी चाहिए। निधि की राशि 31 मार्च 2024 को बकाया गारंटी ₹ 119.42 करोड़ रुपये का 167.01 प्रतिशत है।

निधि में लेनदेन वित्त लेखो के विवरण 21 और 22 में दर्शाए गए हैं|

(iii) केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.):

भारत सरकार के 31-03-2018 के राजपत्र अधिसूचना के अनुसार पूर्ववर्ती केंद्रीय सड़क निधि (सी.आर.एफ.) का नाम बदलकर केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सी.आर.आई.एफ.) कर दिया गया है। सी.आर.आई.एफ. का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों, रेलवे परियोजनाओं के विकास एवं रखरखाव, रेलवे में सुरक्षा में सुधार, राज्य एवं ग्रामीण सड़कों तथा अन्य अवसंरचना आदि के लिए किया जाएगा।

वर्तमान लेखा प्रक्रिया के अनुसार, केंद्र से राज्य द्वारा प्राप्त अनुदानों को प्रारंभ में मुख्य शीर्ष 1601 के अंतर्गत राजस्व प्राप्तियों के रूप में दर्ज किया जाना है। इसके बाद, प्राप्त राशि को राज्य सरकार द्वारा कार्यात्मक मुख्य लेखाशीर्ष (शीर्षों) के माध्यम से मुख्य लेखाशीर्ष 8449-103-केंद्रीय सड़क और अवसंरचना निधि से अनुदान के अंतर्गत लोक खाते में स्थानांतरित किया जाना है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को सी.आर.आई.एफ. के लिए ₹ 109.70 करोड़ का अनुदान प्राप्त हुआ। 31 मार्च 2024 तक राज्य सरकार ने लोक लेखो के अंतर्गत निधि में राशि हस्तांतरित नहीं की।

₹ 109.70 करोड़ रुपये का कम हस्तांतरण राजस्व व्यय को कम दर्शाता है।

(iv) उच्चंत और प्रेषण शेष:

वर्ष 2023-24 के दौरान, वाउचर/चालान/स्वीकृति पत्र आदि दस्तावेजों के अभाव में महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी) कार्यालय द्वारा कोई राशि उच्चंत [मुख्य लेखा शीर्ष 8658, लघु शीर्ष 102 (OB Suspense) एवं लघु शीर्ष 110-रिज़र्व बैंक उच्चंत-केंद्रीय लेखा कार्यालय]के रूप में नहीं रखी गई है।

वित्त लेखें उच्चंत और प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत शुद्ध शेष दर्शाते हैं। विभिन्न लेखाशीर्षों के अंतर्गत बकाया नामे और जमा शेषों को अलग-अलग जोड़कर इन लेखाशीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष राशि को दर्शाया जाता है, 31 मार्च 2024 को मुख्य लेखा शीर्ष 8658, 8782, एवं 8793 में ₹ 70.97 करोड़ (जमा) (31 मार्च 2023 तक ₹ 238.82 करोड़ जमा) की धनराशि थी।

इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया शेष राशि का निपटान न होने से राज्य सरकार के प्राप्ति / व्यय के आंकड़ों और विभिन्न लेखा शीर्षों (जिन्हें वर्ष दर वर्ष आगे ले जाया जाता है) के अंतर्गत शेष राशि की सटीकता प्रभावित होती है।

(v) चेकों, बिल और डिजिटल भुगतान:

मुख्य लेखाशीर्ष 8670 चेक और बिल के अंतर्गत क्रेडिट बैलेंस जारी किए गए लेकिन नकदीकरण नहीं किये गए चेकों दर्शाता है । 01 अप्रैल 2023 को प्रारंभिक शेष राशि थी ₹ 64.31 करोड़ (जमा) थी। वर्ष 2023-24 के दौरान, ₹ 54,799.15 करोड़ रुपये मूल्य के चेक जारी किए गए, जिसके परिपेक्ष में ₹ 54,779.39 करोड़ रुपये के चेक भुनाए गए, 31 मार्च 2024 तक ₹ 84.07 करोड़ (जमा) समापन शेष रहा| समापन शेष विभिन्न कार्यात्मक मुख्य लेखाशीर्षों के अंतर्गत विभिन्न वित्तीय वर्षों में मूल रूप से दर्ज किए गए व्यय को दर्शाता है, जिसके परिणामस्वरूप 31 मार्च 2024 तक उत्तराखंड सरकार को कोई नकद बहिर्वाह नहीं हुआ है।

डिजिटल भुगतान के मामले में, इलेक्ट्रॉनिक मोड के माध्यम से भुगतान आदेश को लेनदेन पूरा होने पर व्यय के रूप में माना जाता है। हालांकि, विफलता के मामले में जिसे 'ई-कुबेर विफल' लेनदेन कहा जाता है, लेनदेन के उपचार को 8658 में उच्चंत के रूप में माना जाता है। ई-कुबेर विफल लेनदेन की जानकारी राज्य सरकार द्वारा प्रदान नहीं की गई है।

(vi) भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर:

भारत सरकार ने श्रमिकों को लाभ प्रदान करने के लिए उपकर लगाने और एकत्र करने के लिए भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण उपकर अधिनियम, 1996 (उपकर अधिनियम) बनाया। जुलाई 2006 में जारी राज्य सरकार के शासनादेश के अनुसार, बिल्डरों और अन्य निर्माण इकाइयों/बिल्डरों द्वारा देय उपकर श्रम विभाग का राजस्व नहीं है, इसलिए उपकर श्रम विभाग के विभागीय खाता शीर्ष में जमा नहीं किया जाएगा। इसके स्थान पर, यह उत्तराखंड भवन एवं अन्य सन्निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के सचिव के पक्ष में जमा किया जाएगा। इस प्रकार, एकत्र किया गया उपकर सीधे बोर्ड के खाते में जमा किया जाता है और सरकारी लेखों के माध्यम से नहीं भेजा जाता है।

(vii) राज्य द्वारा लगाए गए अन्य उपकर:

वर्ष 2023-24 के दौरान, सरकार ने उपकर (हरित ऊर्जा उपकर) के संग्रह के रूप में ₹ 103.41 करोड़ एकत्रित किया [*(2022-23:₹ 70.56 करोड़)]* । मुख्य लेखाशीर्ष-0801-विद्युत, 01-जल विद्युत उत्पादन, 800-अन्य प्राप्तियों के अंतर्गत सरकार की राजस्व प्राप्तियों के रूप में ₹ 80.00 करोड़ रुपये लेखांकित किए गए हैं। उत्तराखंड हरित ऊर्जा उपकर अधिनियम 2014 की धारा 6 और 7 (1) के अनुसार, राज्य सरकार को 'हरित ऊर्जा निधि' नामक एक निधि स्थापित करने की आवश्यकता है और उपकर की आय को राज्य की समेकित निधि से इस निधि में स्थानांतरित किया जाना है। 31 मार्च 2024 तक राज्य सरकार द्वारा ऐसी कोई निधि स्थापित नहीं की गई है।

प्रारंभिक शेष ₹ 106.27 करोड़ था और वर्ष के दौरान कुल संग्रह ₹ 103.41 करोड़ [*(2022-23: ₹ 70.56 करोड़)*] था, इसमें से ₹ 80.00 करोड़ *(2022-23: ₹ 72.00 करोड़)* को राजस्व प्राप्ति के रूप में दर्ज किया गया और राज्य सरकार द्वारा निर्दिष्ट निधि में स्थानांतरित नहीं किया गया और संग्रहकर्ता (यूपीसीएल) के पास ₹ 129.68 करोड़ की राशि शेष

रही। उपकर के ₹ 80.00 करोड़ के हस्तांतरण न किये जाने के परिणामस्वरूप उस सीमा तक राजस्व व्यय को कम दर्शाया गया है।

इसके अलावा, राज्य सरकार ने भूमि उपकर और जल उपकर जैसे अन्य उपकरों के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं करायी गयी है, हालांकि वर्ष 2023-24 के दौरान 'मुख्य शीर्ष 0029-103-भूमि पर दरें और उपकर'; और 'मुख्य शीर्ष 0045-110- जल (प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण) उपकर अधिनियम के तहत प्राप्तियां' के तहत पुस्तांकित है।

(viii) राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एन.एम.ई.टी.) को धन प्रेषण:

राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एन.एम.ई.टी.) की स्थापना अगस्त 2015 में खान और खनिज (विकास और विनियमन) – एम.एम.डी.आर. अधिनियम, 1957 की धारा 9 सी (1) (2015 में संशोधन द्वारा सम्मिलित) के तहत की गई थी। अधिनियम की धारा 9 सी (4) में कहा गया है कि खनन पट्टे या खनिज रियायत के धारक को ट्रस्ट को दूसरी अनुसूची के अनुसार भुगतान की गई रॉयल्टी के दो प्रतिशत के बराबर राशि का भुगतान, केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित दिशानिर्देशानुसार करना होगा।

एन.एम.ई.टी. नियम, 2015 के नियम 7(6) में कहा गया है कि एकत्रित की गई राशि को ट्रस्ट फंड में जमा करने और केंद्र सरकार के साथ साझा किए जाने वाले आवश्यक खातों को बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। इसके अलावा, नियम 7(7) में कहा गया है कि राज्य सरकार अधिनियम की धारा 9 सी की उपधारा (4) के अनुसार भुगतान की गई राशि और रॉयल्टी भुगतान के बारे में मासिक आधार पर भारत खान ब्यूरो को जानकारी प्रदान करेगी।

एन.एम.ई.टी. (संशोधन) नियम, 2018 के नियम 7(1) में कहा गया है कि खनन पट्टा या पूर्वेक्षण लाइसेंस-सह-खनन पट्टा धारक, राज्य सरकार को रॉयल्टी का भुगतान करते समय, अधिनियम की धारा 9 सी की उपधारा (4) के अंतर्गत रॉयल्टी के दो प्रतिशत के बराबर राशि ट्रस्ट को इस प्रयोजन के लिए बुक किए गए शीर्ष के अंतर्गत राज्य के लोक खाते में जमा करके देगा। इसके अलावा, नियम 7(2) में कहा गया है कि राज्य सरकार उपनियम (1) के अंतर्गत राज्य के लोक खाते में एकत्रित राशि को भारत की संचित निधि में स्थानांतरित करेगी।

खान मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एफ.सं. द्वारा अधिसूचित नई लेखा प्रक्रिया के अनुसार। 8/1/2015-एन.एम.ई.टी. दिनांक 05.04.2018 के अनुसार खनन पट्टा या पूर्वेक्षण लाइसेंस-सह-खनन पट्टा धारक, राज्य सरकार को रॉयल्टी का भुगतान करते समय, रॉयल्टी के दो प्रतिशत के बराबर राशि को एनएमईटी अंशदान के रूप में ट्रस्ट को भुगतान करेगा, जिसे मुख्य शीर्ष 8449-123-एन.एम.ई.टी. जमा के अंतर्गत राज्य के लोक खाते में जमा किया जाएगा। मुख्य शीर्ष 8449-123-एन.एम.ई.टी. जमा के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा एकत्रित प्राप्तियां उसी लेखा शीर्ष को डेबिट करके मासिक आधार पर केंद्र सरकार को हस्तांतरित की जाएंगी। एनएमईटी फंड भारत के लोक खाते के तहत बनाया गया गैर-व्यपगत और गैर-ब्याज-देयता वाला फंड है।

वर्ष 2023-24 के दौरान, शीर्ष 8449-00-123-एन.एम.ई.टी. जमा के अंतर्गत ₹ 0.35 करोड़ की राशि जमा की गई। राज्य सरकार ने ₹ 0.73 करोड़ (₹ 0.38 करोड़ की प्रारंभिक शेष राशि सहित) भारत की समेकित निधि में हस्तांतरित कर दिए।

(ix) ऋणात्मक अवशेष :

प्रतिकूल शेष एक ऐसी स्थिति है, जब वित्तीय वर्ष के अंत में शेष राशि पर बंद होने वाला खाता शीर्ष ऋणात्मक शेष दर्शाता है, डेबिट/(-) क्रेडिट शेष देयता शीर्षों या शीर्षों का प्रतिनिधित्व करता है जहां इसमें सामान्य रूप से क्रेडिट शेष होना चाहिए, और क्रेडिट/(-) डेबिट शेष संपत्ति शीर्षों या शीर्षों का प्रतिनिधित्व करता है जहां इसमें सामान्य रूप से डेबिट शेष होना चाहिए। खाता शीर्ष में प्रतिकूल शेष या तो गलत वर्गीकरण, धन की उपलब्धता से अधिक संवितरण, प्राप्त योगदान से अधिक संवितरण, एक लेखा इकाई से दूसरी में शेष राशि को आगे नहीं ले जाने, राज्यों/अधिक लेखा इकाइयों के निर्माण के लिए प्रशासनिक पुनर्गठन आदि के कारण उत्पन्न होता है। 2023-24 में एक शीर्ष में ₹ 2.48 करोड़ का नया प्रतिकूल शेष हुआ।

प्रमुख शीर्षक	प्रमुख शीर्ष विवरण	माइनस बैलेंस (₹ करोड़ में)	कारण/टिप्पणी
6801-00-800	बिजली बोर्डों को अन्य ऋण	(-)25.84	गलत वर्गीकरण
6801-05-800	बिजली बोर्डों को अन्य ऋण	(-)143.00	
6851-00-102	लघु उद्योग	(-)0.18	राज्यों के विभाजन से पहले स्वीकृत ऋणों की वसूली
7610-00-201	गृह निर्माण अग्रिम	(-)17.33	
7610-00-202	मोटर वाहन की खरीद के लिए अग्रिम राशि	(-)4.28	
7610-00-204	कंप्यूटर की खरीद के लिए अग्रिम राशि	(-)0.05	
7610-00-800	अन्य अग्रिम	(-)0.21	
8009-60-102	अंशदायी भविष्य पेंशन निधि	(-)5.11	गलत वर्गीकरण
8010-00-105	अन्य ट्रस्ट	(-)0.31	विरासत का मुद्दा, विभाजन के बाद से प्रतिकूल
8011-00-106	अन्य बीमा और पेंशन निधि	(-)0.42	ब्याज का भुगतान न करना और प्राप्तियों से अधिक भुगतान
8011-00-107	राज्य सरकार कर्मचारी समूह बीमा योजना	(-)100.38	
8011-00-800	स्थानीय निकाय	(-)0.10	
8229-00-110	विद्युत विकास निधि	(-)36.48	2014-15 के दौरान अतिरिक्त व्यय, समाधान के अधीन

8443-00-106	व्यक्तिगत निक्षेप	(-)2.48	उत्तर प्रदेश और उत्तराखण्ड राज्यों के बीच बंटवारा अभी भी लंबित है
8443-00-117	सार्वजानिक निकायों अथवा व्यक्तिगत कार्य हेतु निक्षेप	(-)0.21	
8443-00-123	शैक्षिक संस्थानों के लिए निक्षेप	(-)2.05	
8443-00-900	सिविल न्यायलय व्यपगत निक्षेप	(-)18.24	
8448-00-103	छावनी निधि	(-)1.52	
8448-00-105	राज्य परिवहन निगम निधि	(-)6.27	
8448-00-111	चिकित्सा तथा अक्षय निधि	(-)6.62	
8671-00-101	विभागीय अवशेष (सिविल)	(-)10.71	अप्रैल 2019 में आई.एफ.एम.एस.के कार्यान्वयन के बाद से, कार्य प्रभाग का लेखांकन बदल गया है| अब सभी कार्य प्रभागो का लेन-देन नगद आधार पर कोषागार के माध्यम से किया जा रहा है| आई.एफ.एम.एस. के कार्यान्वयन के बाद से यह लेखा शीर्ष अब निष्क्रिय हैं|
8672-00-101	स्थायी नगद अग्रदाय (सिविल)	(-)0.81	

(x) रोकड़ शेष:

महालेखाकार के रिकॉर्ड के अनुसार 31 मार्च 2024 तक रोकड़ शेष ₹ 102.34 करोड़ (जमा) एवं आर.बी.आई. द्वारा प्रेषित रिपोर्ट के अनुसार ₹ 6.34 करोड़ (नामे) था । दोनों आंकड़ो में शुद्ध अंतर ₹ 96.00 करोड़ (जमा) था, जो मुख्य रूप से ट्रेजरी / आर.बी.आई. / एजेंसी बैंक और ए.जी. ऑफिस के बीच लंबित मिलान के कारण है। यह अंतर मिलान के अधीन है। पिछले वर्ष अर्थात 31 मार्च 2023 तक यह स्थिति ₹ 130.97 करोड़ (जमा) थी\|

जून 2024 तक यह अंतर ₹ 89.46 करोड़ (जमा) था ।

संबंधित आंकड़े वित्त लेखे के विवरण संख्या 21 में उपलब्ध हैं.

(xi) पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एस.ए.एस.सी.आई.):

वित्त मंत्रालय, व्यय विभाग के आदेश संख्या 44(1) पीएफ-एस/2022-23 (कैपेक्स) दिनांक 06 अप्रैल 2022 में निहित दिशा-निर्देशों के अनुसार, भारत सरकार राज्य सरकारों को उनके पूँजीगत व्यय को बढ़ावा देने के लिए विशेष पूँजीगत सहायता प्रदान करेगी। इस उद्देश्य के लिए भारत सरकार 50 वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। 2023-24 के दौरान, राज्य सरकार को ₹ 1,968.17 करोड़ रुपये की राशि एस.ए.एस.सी.आई. के रूप में प्राप्त हुई। (31 मार्च 2024 तक कुल राशि ₹ 4,031.10 करोड़ रुपये है) । मुख्य शीर्ष 4059-सार्वजनिक निर्माण पर पूंजीगत व्यय

के तहत ₹ 76.25 करोड़ की राशि दर्ज की गई और मुख्य शीर्ष 0059-सार्वजनिक निर्माण (₹ 49.25 करोड़) और मुख्य शीर्ष 0851-ग्रामीण और लघु उद्योग (₹ 27.00 करोड़) में संबंधित क्रेडिट प्रविष्टि की गई, जो इसे विभागीय प्राप्ति के रूप में दर्शाती है, क्योंकि कार्य राज्य सरकार द्वारा पहले ही पूरा कर लिया गया था। यदि कार्य पहले पूरा हो गया था, तो पिछले वर्ष से संबंधित संचालन माइनर हेड '911-कटौती-अधिक भुगतान की वसूली' के स्थान पर प्राप्ति शीर्षों में क्रेडिट प्रविष्टियाँ गलत तरीके से की गई थीं। इससे प्राप्ति में ₹ 76.25 करोड़ की अधिकता हो गई।

6. प्राप्ति, व्यय और नकदी शेष पर प्रभाव:

राज्यों के वित्त पर गलत वर्गीकरण / वैधानिक प्रावधानों के गैर-अनुपालन का राजस्व व्यय पर प्रभाव, जैसा कि पूर्ववर्ती अनुच्छेदों में बताया गया है, नीचे सारणीबद्ध है :- (₹ करोड़ में)

पैरा नं.	वस्तु (दृष्टांतात्मक)	राजस्व व्यय का अधिक आकलन	राजस्व व्यय का कम आकलन	पूंजीगत व्यय का अधिक आकलन	पूंजीगत व्यय का कम आकलन	राजस्व प्राप्तियों का अधिक आकलन	राजस्व प्राप्तियों का कम आकलन	रोकड़ शेष का कम आकलन	रोकड़ शेष का अधिक आकलन
3(ii)	राजस्व और पूंजी के बीच गलत वर्गीकरण		543.16	543.16					
3(viii)	ब्याज का भुगतान न करना		5.43						
3(ix)	गारंटी कमीशन का हस्तांतरण न करना					0.23			
4	वर्ष के दौरान आकस्मिकता निधि की वसूली न होना		228.33		80.48				
5(i)	एन.पी.एस. राशि का एनएसडीएल को हस्तांतरण न करना								98.09
5(i)	एनपीएस में कम योगदान		25.36						
5(ii) (B)(c)	सी.आर.आई.एफ. में गैर-हस्तांतरण		109.70						
5(vii)	उपकर/शुल्क/अधिभार का गैर-हस्तांतरण		80.00						
5(xi)	SASCI का अनुचित उपयोग			76.25		76.25			
कुल (शुद्ध) प्रभाव	**अधिक आकलन/ कम आकलन**	**कम आकलन 991.98**		**अधिक आकलन 538.93**		**अधिक आकलन 76.48**		**अधिक आकलन 98.09**	

© भारत के नियंत्रक
एवं महालेखापरीक्षक
www.cag.gov.in

https://cag.gov.in/ae/uttarakhand/en